मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-24
11/01/2019

# मुख्यमंत्री ने विधान पार्षद सैयद खुर्शीद मोहम्मद मोहसीन के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

# राजकीय सम्मान के साथ होगा अंतिम संस्कार

पटना, 11 जनवरी 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने विधान पार्षद सैयद खुर्शीद मोहम्मद मोहसीन के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि वे एक राजनेता एवं समाजसेवी थे। उनके निधन से न केवल सामाजिक बल्कि राजनीति के क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुयी है। उनका अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों, अनुयायियों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

*****